**मूल हिंदी में**

**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 955**
29.07.2024 को उत्तर के लिए

**वनों के संरक्षण हेतु निधि**

**955. श्री बलवंत बसवंत वानखडेः**
**श्री कौशलेन्द्र कुमारः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में महाराष्ट्र सहित राज्य-वार कितना हेक्टेयर वन क्षेत्र है तथा उसका प्रतिशत कितना है;
(ख) विगत पांच वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों को वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, विकास एवं संवर्धन के लिए उपलब्ध कराई गई निधि का योजना-वार, वर्ष-वार तथा महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या देश में अनुकूलन कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन अनुकूलन निधि के अंतर्गत केंद्रीय योजनाएं चलाई जा रही हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या अंधाधुंध विकास तथा वन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखा रही है; तथा
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए क्या उपाय किए गए/किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) भारत वन सर्वेक्षण (एफएसआई), देहरादून द्वारा प्रकाशित अद्यतन भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर)-2021 के अनुसार देश का कुल वन आवरण 7,13,789 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 21.71% है। महाराष्ट्र राज्य सहित देश में वन आवरण का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) सरकार ने राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम), वन्यजीव पर्यावासों का एकीकृत विकास, प्रकरात्मक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं आयोजना प्राधिकरण (कैम्पा), नगर वन योजना (एनवीआई) एवं तटरेखा पर्यावासों एवं वास्तविक आय के लिए मैंग्रोव पहल (एमआईएसएचटीआई) आदि जैसी विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों के तहत निधियां उपलब्ध कराई हैं। ये निधियां वनों में और वनों के बाहर वनीकरण के माध्यम से पारिस्थितिकीय पुनर्बहाली, वन भूदृश्य की पुनर्बहाली, पर्यावास सुधार, मृदा एवं जल संरक्षण उपाय एवं संरक्षण आदि के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए जाने वाले प्रयासों में समर्थन प्रदान करती हैं।

इस मंत्रालय द्वारा गत पांच वर्षों में हरित भारत मिशन, कैम्पा, वन्यजीवन पर्यावासों का विकास, नगर वन योजना और एमआईएसएचटीआई आदि के तहत महाराष्ट्र सहित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को उपलब्ध कराई गई निधियों का ब्यौरा क्रमश: **अनुबंध-II** से **अनुबंध-VI** में दिया गया है।

(ग) भारत के संवेदनशील राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों हेतु जलवायु अनुकूलन परियोजनाओं का वित्त पोषण करने हेतु राष्ट्रीय जलवायु अनुकूलन निधि (एनएएफसीसी) स्थापित की गई थी, नाबार्ड जिसकी राष्ट्रीय कार्यान्वयन इकाई (एनआईई) है। एनएएफसीसी के तहत विभिन्न राज्यों में कुल 30 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। वर्ष 2022 में एनएएफसीसी को योजना से गैर-योजना में परिवर्तित कर दिया गया था।

(घ) ग्लोबल वार्मिंग के कारण देश के विभिन्न भागों में चरम मौसमों की घटनाएं देखी गई हैं। गरम होते पर्यावरण और क्षेत्रीय मानवजनित प्रभावों के साथ पृथ्वी प्रणाली घटकों में जटिल परस्पर क्रिया के कारण स्थानीय रूप से भारी वर्षा की घटनाओं, सूखे और बाढ़ की घटनाओं की आवृत्ति, उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की तीव्रता आदि में वृद्धि हुई।

(ङ) भारत सरकार, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी), जो सभी जलवायु कार्रवाइयों के लिए एक व्यापक ढांचा है, सहित अपने कई कार्यक्रमों और स्कीमों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने जलवायु परिवर्तन से संबंधित राज्य विशिष्ट मुद्दों को ध्यान में रखते हुए एनएपीसीसी के अनुरूप अपनी जलवायु परिवर्तन संबंधी राज्य कार्य योजना (एसएपीसीसी) तैयार की है। आपदा की स्थिति में प्रभावशाली अनुक्रिया और राहत सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति तैयार की गई है। आपदा जोखिम प्रबंधन में राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों की सहायता के लिए आपदा प्रबंधन योजना तैयार की गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने कई चरम मौसम और जलवायु घटनाओं पर दिशानिर्देश जारी किए हैं। भारत ने आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना संबंधी गठबंधन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में भी सक्रिय रूप से अग्रणी भूमिका निभाई है।

*****

अनुबंध-I

**'वनों के संरक्षण हेतु निधि' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को उत्तर दिये जाने के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 955 के भाग (क) में संदर्भित अनुबंध**

**आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश में वनावरण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा**

**(क्षेत्र हेक्टेयर में)**

| **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **भौगेलिक क्षेत्र** | **वनावरण** | **भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1,62,96,800 | 29,78,400 | 18.28 |
| अरुणाचल प्रदेश | 83,74,300 | 66,43,100 | 79.33 |
| असम | 78,43,800 | 28,31,200 | 36.09 |
| बिहार | 94,16,300 | 7,38,100 | 7.84 |
| छत्तीसगढ़ | 1,35,19,200 | 55,71,700 | 41.21 |
| दिल्ली | 1,48,300 | 19,500 | 13.15 |
| गोवा | 3,70,200 | 2,24,400 | 60.62 |
| गुजरात | 1,96,24,400 | 14,92,600 | 7.61 |
| हरियाणा | 44,21,200 | 1,60,300 | 3.63 |
| हिमाचल प्रदेश | 55,67,300 | 15,44,300 | 27.73 |
| झारखंड | 79,71,600 | 23,72,100 | 29.76 |
| कर्नाटक | 1,91,79,100 | 38,73,000 | 20.19 |
| केरल | 38,85,200 | 21,25,300 | 54.70 |
| मध्य प्रदेश | 3,08,25,200 | 77,49,300 | 25.14 |
| महाराष्ट्र | 3,07,71,300 | 50,79,800 | 16.51 |
| मणिपुर | 22,32,700 | 16,59,800 | 74.34 |
| मेघालय | 22,42,900 | 17,04,600 | 76.00 |
| मिजोरम | 21,08,100 | 17,82,000 | 84.53 |
| नगालैंड | 16,57,900 | 12,25,100 | 73.90 |
| ओडिशा | 1,55,70,700 | 52,15,600 | 33.50 |
| पंजाब | 50,36,200 | 1,84,700 | 3.67 |
| राजस्थान | 3,42,23,900 | 16,65,500 | 4.87 |
| सिक्किम | 7,09,600 | 3,34,100 | 47.08 |
| तमिलनाडु | 1,30,06,000 | 26,41,900 | 20.31 |
| तेलंगाना | 1,12,07,700 | 21,21,400 | 18.93 |
| त्रिपुरा | 10,48,600 | 7,72,200 | 73.64 |
| उत्तर प्रदेश | 2,40,92,800 | 14,81,800 | 6.15 |
| उत्तराखंड | 53,48,300 | 24,30,500 | 45.44 |
| पश्चिम बंगाल | 88,75,200 | 16,83,200 | 18.96 |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 8,24,900 | 6,74,400 | 81.75 |
| चंडीगढ़ | 11,400 | 2,288 | 20.07 |
| दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 60,200 | 22,775 | 37.83 |
| जम्मू और कश्मीर*<br>शेपफाइल क्षेत्र* (54,62,400) | 2,22,23,600 | 21,38,700 | 39.15 |
| लद्दाख<br>शेपफाइल क्षेत्र * (1,68,05,500) | | 2,27,200 | 1.35 |
| लक्षद्वीप | 3,000 | 2,710 | 90.33 |
| पुडुचेरी | 49,000 | 5,330 | 10.88 |
| **सकल योग** | **32,87,46,900** | **7,13,78,900** | **21.71** |

** भारतीय सर्वेक्षण (अगस्त, 2021) द्वारा उपलब्ध कराया गया शेपफाइल का क्षेत्रफल एसओआई से व्यक्तिगत संघ राज्य क्षेत्रों के लिए अधिसूचित भौगोलिक क्षेत्रों का ब्यौरा प्रतीक्षित हैं।*

अनुबंध II

**'वनों के संरक्षण हेतु निधि' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को उत्तर दिये जाने के लिए पूछे गये लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 955 के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध**

**राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) के तहत गत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के लिए सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की गई निधियों का ब्यौरा**

**(रुपए करोड़ में)**

| क्र. सं. | राज्य | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 2.02 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 13.43 | 21.28 | 0.00 | 0.00 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 5.04 | 1.66 | 6.12 | 0.00 | 0.09 | 0.00 |
| 4 | हरियाणा | 0.00 | 0.00 | 9.55 | 0.00 | 7.60 | 12.19 |
| 5 | हिमाचल प्रदेश | 0.00 | 17.09 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | जम्मू और कश्मीर | 0.00 | 25.73 | 0.00 | 6.49 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | कर्नाटक | 2.21 | 2.35 | 4.45 | 2.93 | 2.33 | 0.00 |
| 8 | केरल | 16.32 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 30.65 | 0.00 | 18.29 | 17.93 | 8.62 | 23.61 |
| 10 | महाराष्ट्र | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 11 | मणिपुर | 4.16 | 6.74 | 9.93 | 5.45 | 8.91 | 0.00 |
| 12 | मिजोरम | 17.71 | 2.99 | 29.86 | 36.27 | 21.13 | 0.00 |
| 13 | ओडिशा | 14.19 | 26.01 | 17.74 | 8.4756 | 12.59 | 0.00 |
| 14 | पंजाब | 3.19 | - | 3.32 | 2.7393 | 5.38 | 0.00 |
| 15 | सिक्किम | 3.12 | 2.19 | 7.77 | 6.57 | 7.50 | 12.24 |
| 16 | उत्तराखंड | 0.00 | 27.89 | 33.99 | 28.40 | 31.94 | 0.00 |
| 17 | पश्चिम बंगाल | 9.43 | 0.00 | 0.00 | 0.76 | 0.76 | 0.00 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 5.43 | 0.00 |
| कुल | | **106.01** | **112.65** | **156.46** | **137.29** | **112.28** | **48.05** |

**अनुबंध III**

**'वनों के संरक्षण हेतु निधि' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को उत्तर दिये जाने के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 955 के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध**

**गत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के लिए राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक प्रचालन योजना का ब्यौरा**

**(रुपए करोड़ में)**

| क्र.सं. | राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के नाम | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25 (1 जुलाई, 2024 तक)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1.56 | 0.00 | 2.13 | 0.00 | 10.97 | 6.70 | 10.42 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 118.00 | 322.97 | 330.82 | 325.00 | 224.09 | 226.70 | 248.37 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 259.15 | 0.00 | 155.46 | 240.35 | 195.29 | 190.69 | 0.00 |
| 4 | असम | 45.21 | 55.89 | 88.34 | 95.01 | 162.16 | 109.69 | 0.00 |
| 5 | बिहार | 37.40 | 140.18 | 238.76 | 106.84 | 115.42 | 37.88 | 0.00 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1.27 | 1.87 | 2.26 | 3.60 | 1.66 | 1.54 | 1.40 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 897.52 | 848.51 | 1347.02 | 1500.76 | 688.46 | 471.21 | 519.58* |
| 8 | दिल्ली | 0.00 | 0.00 | 19.55 | 16.15 | 33.93 | 47.15 | 34.55 |
| 9 | गोवा | 4.83 | 17.95 | 32.68 | 21.55 | 36.53 | 31.28 | 29.56 |
| 10 | गुजरात | 212.66 | 256.47 | 240.69 | 200.00 | 205.00 | 250.02 | 310.50 |
| 11 | हरियाणा | 195.95 | 100.97 | 203.95 | 317.59 | 270.68 | 69.03 | - |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 127.72 | 145.82 | 158.38 | 138.10 | 190.23 | 185.14 | 184.52 |
| 13 | जम्मू व कश्मीर | 113.76 | 126.74 | 184.33 | 269.97 | 312.69 | 370.55 | 276.38* |
| 14 | झारखंड | 399.53 | 399.29 | 376.56 | 437.608 | 764.85 | 412.14 | 459.00 |
| 15 | कर्नाटक | 101.41 | 146.23 | 212.94 | 321.09 | 270.98 | 313.89 | 275.85 |
| 16 | केरल | 7.96 | 0.00 | 15.78 | 25.13 | 17.26 | 9.06 | 8.93 |
| 17 | लद्दाख | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 60.55 | 0.00 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 383.67 | 456.09 | 860.93 | 713.46 | 889.84 | 1070.61 | 1109.82 |
| 19 | महाराष्ट्र | 230.00 | 499.38 | 599.32 | 688.27 | 708.11 | 597.57 | 720.82 |
| 20 | मणिपुर | 24.85 | 30.36 | 27.79 | 25.09 | 22.59 | 20.26 | 0.00 |
| 21 | मेघालय | 0.00 | 0.00 | 33.97 | 36.40 | 26.67 | 30.91 | 24.75 |
| 22 | मिजोरम | 8.30 | 0.00 | 32.66 | 18.08 | 16.74 | 14.60 | 22.77 |
| 23 | ओडिशा | 0.00 | 610.52 | 773.39 | 901.03 | 1191.31 | 948.04 | 1099.58 |
| 24 | पंजाब | 102.56 | 102.15 | 177.85 | 218.06 | 203.01 | 257.10 | 125.94 |
| 25 | राजस्थान | 205.67 | 265.39 | 280.70 | 286.70 | 249.19 | 286.49 | 198.44 |
| 26 | सिक्किम | 0.00 | 54.99 | 75.49 | 95.30 | 92.85 | 79.95 | 44.00 |
| 27 | तमिलनाडु | 7.71 | 0.00 | 66.62 | 0.00 | 38.22 | 44.149 | 57.80* |
| 28 | तेलंगाना | 237.38 | 501.26 | 483.78 | 752.71 | 772.65 | 455.30 | 404.85* |
| 29 | त्रिपुरा | 16.70 | 20.83 | 21.51 | 35.242 | 52.90 | 59.77 | 61.87 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 150.60 | 285.68 | 442.01 | 586.89 | 344.08 | 172.04 | 155.24 |
| 31 | उत्तराखंड | 318.30 | 218.00 | 353.64 | 726.88 | 320.15 | 383.82 | 335.37 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 23.10 | 70.07 | 74.00 | 58.30 | 52.83 | 79.40 | 63.51 |
| | **कुल** | **4232.77** | **5677.61** | **7913.31** | **9161.15** | **8481.34** | **7293.23** | **6783.82** |

* वित्त वर्ष 2023-24 की स्पिल ओवर राशि सहित

**अनुबंध- IV**

**'वनों के संरक्षण हेतु निधि' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को उत्तर दिये जाने के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 955 के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध**

केंद्रीय प्रायोजित योजना- 'वन्यजीव पर्यावासों का विकास' के तहत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की गई निधियों का ब्यौरा

**(रुपए लाख में)**

| क्र.सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 132.64 | 0 | 135.77 | 25.125 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 512.69 | 312.5865 | 419.80617 | 276.44062 | 672.462 |
| 4 | असम | 164.26 | 0 | 0 | 209.1464 | 565.10763 |
| 5 | बिहार | 148.142 | 205.1644 | 410.85952 | 0 | 336.37223 |
| 6 | चंडीगए | 0 | 25.16 | 0 | 21.6241 | 16.498 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 310.0318 | 104.35936 | 274.5903 | 104.457 | 116.24868 |
| 8 | गोवा | 111.654 | 0 | 0 | 0 | 50.10 |
| 9 | गुजरात | 0 | 124.5849 | 0 | 200.01 | 206.99 |
| 10 | हरियाणा | 237.6078 | 18.2212 | 127.331 | 30.1575 | 167.85 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 375.76554 | 187.63518 | 197.09452 | 114.3205 | 94.15328 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 80.62863 | 0 | 0 | 69.57972 |
| 13 | झारखंड | 93.96 | 198.2265 | 79.53315 | 0 | 14.91025 |
| 14 | कर्नाटक | 739.046 | 586.12634 | 1256.59314 | 291.71146 | 581.52346 |
| 15 | केरल | 845.026 | 731.2845 | 295.7737 | 224.4735 | 921.0361 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 629.266 | 801.60127 | 389.34906 | 265.5508 | 471.81959 |
| 17 | महाराष्ट्र | 715.781 | 146.08 | 0 | 350.3879 | 554.69645 |
| 18 | मणिपुर | 396.455 | 241.12 | 142.50646 | 180.64379 | 231.72407 |
| 19 | मेघालय | 238.839 | 263.507 | 530.51253 | 0 | 243.56611 |
| 20 | मिजोरम | 431.79 | 339.60855 | 198.9678 | 190.1977 | 304.207 |
| 21 | नगालैंड | 953.69 | 260.00105 | 342.0315 | 725.6565 | 1306.3275 |
| 22 | ओडिशा | 701.504 | 697.50 | 726.80273 | 967.4976 | 612.81161 |
| 23 | राजस्थान | 741.315 | 309.12634 | 1007.64845 | 86.78886 | 0 |
| 24 | सिक्किम | 557.355 | 349.623 | 182.97174 | 239.66048 | 187.03237 |
| 25 | तमिलनाडु | 409.505 | 334.0354 | 390.75715 | 132.95205 | 373.8902 |
| 26 | तेलंगाना | 0 | 36.59304 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 426.251 | 312.9244 | 169.06261 | 266.7472 | 290.64425 |
| 28 | उत्तराखंड | 1401.19 | 441.61031 | 226.34415 | 212.9662 | 498.497 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 891.073 | 710.61953 | 757.25599 | 201.30866 | 385.29988 |
| 30 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 5.22 |
| 31 | लक्षद्वीप | 193.272 | 462.409 | 462.086 | 269.9055 | 124.655 |
| 32 | दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 90.317 | 260.679 | 0 | 0 | 186.05514 |
| 34 | लद्दाख सं.रा.क्षे. | 0 | 223.17292 | 31.95 | 61.11591 | 0.06 |
| **सकल योग** | | **12448.42614** | **8764.18832** | **8755.59767** | **5648.84523** | **9589.33752** |

**अनुबंध-V**

**'वनों के संरक्षण हेतु निधि' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को उत्तर दिये जाने के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 955 के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध**

**वर्ष 2020-21 सं 2024-25 तक गत पांच वर्षों के लिए नगर वन योजना के तहत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की गई निधियों का ब्यौरा**

**(रुपए लाख में)**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0 | 56.35 | 0 | 0 | 0 | 56.35 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 | 117.4 | 358.61 | 5938.68 | 0 | 6414.69 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 56 | 24 | 24 | 104 |
| 4 | असम | 0 | 169.61 | 0 | 0 | 0 | 169.61 |
| 5 | बिहार | 143.71 | 100.78 | 137.61 | 44.804 | 0 | 426.904 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 13.412 | 0 | 0 | 13.412 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 0 | 690.42 | 0 | 0 | 0 | 690.42 |
| 8 | गोवा | 0 | 143.71 | 0 | 61.59 | 0 | 205.3 |
| 9 | गुजरात | 0 | 297.5 | 203 | 0 | 0 | 500.5 |
| 10 | हरियाणा | 0 | 449.02 | 0 | 0 | 0 | 449.02 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 166.46 | 319.4 | 0 | 0 | 485.86 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 138.46 | 476.28 | 107.34 | 0 | 722.08 |
| 13 | झारखंड | 87.71 | 236.53 | 1762.8 | 145.29 | 0 | 2232.33 |
| 14 | कर्नाटक | 216.02 | 140.35 | 0 | 260.44 | 0 | 616.81 |
| 15 | केरल | 0 | 1055.28 | 0 | 0 | 0 | 1055.28 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 216.86 | 1010.7 | 1175.1 | 0 | 2442.53 | 4845.19 |
| 17 | महाराष्ट्र | 158.06 | 156.86 | 193.87 | 0 | 0 | 508.79 |
| 18 | मणिपुर | 0 | 143.71 | 0 | 0 | 0 | 143.71 |
| 19 | मेघालय | 0 | 0 | 242.76 | 0 | 0 | 242.76 |
| 20 | मिजोरम | 0 | 284.06 | 1766.1 | 121.74 | 0 | 2171.9 |
| 21 | नगालैंड | 0 | 129.29 | 0 | 1895.29 | 0 | 2024.58 |
| 22 | ओडिशा | 0 | 2030.83 | 0 | 0 | 0 | 2030.83 |
| 23 | पंजाब | 0 | 262.08 | 0 | 366.088 | 0 | 628.168 |
| 24 | राजस्थान | 0 | 444.36 | 848.12 | 72.8 | 508.956 | 1874.24 |
| 25 | सिक्किम | 0 | 0 | 390.97 | 42 | 0 | 432.97 |
| 26 | तमिलनाडु | 0 | 593.11 | 630 | 0 | 0 | 1223.11 |
| 27 | तेलंगाना | 0 | 0 | 585.62 | 0 | 0 | 585.62 |
| 28 | त्रिपुरा | 0 | 353.36 | 0 | 151.44 | 0 | 504.8 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 0 | 1968.3 | 5.6 | 0 | 0 | 1973.9 |
| 30 | उत्तराखंड | 111.3 | 0 | 86.72 | 0 | 0 | 198.02 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 0 | 102.06 | 72.8 | 158.07 | 0 | 332.93 |
| **कुल** | | **933.66** | **11241** | **9324.8** | **9389.6** | **2975.5** | **33864** |

अनुबंध- VI

**'वनों के संरक्षण हेतु निधि' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को उत्तर दिये जाने के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 955 के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध**

**एमआईएसएचटीआई के तहत जारी की गई निधियों का ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | रुपए करोड़ में |
|---|---|---|
| 1 | केरल | 0.67 |
| 2 | गुजरात | 6.20 |
| 3 | पश्चिम बंगाल | 3.74 |
| 4 | पुडुचेरी | 1.94 |
| **कुल** | | **12.55** |